# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 499 वर्ष 39 — राँची, 31 दिसम्बर, 2015


## माननीय कोयला मंत्री ने सीसीएल कर्मियों को सम्मानित किया



माननीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल सीसीएल कर्मियों को संबोधित करते हुए



माननीय कोयला मंत्री सीसीएल के उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित करते हुए साथ में सीएमडी सीसीएल तथा अन्य

विगत 31 दिसम्बर, 2015 को मुख्यालय, राँची के "विचार मंच" में आयोजित "श्रमिक सम्मान समारोह" में मुख्य अतिथि, माननीय मंत्री विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा (स्वतंत्र प्रभार), (भारत सरकार) श्री पीयूष गोयल ने अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन कर रहे सीसीएल कर्मियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उपरोक्त अवसर पर माननीय मंत्री जी ने सीसीएल को "जीरो ग्रीवान्स" बनाने हेतु 84 बिन्दुओं वाली एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

सभा को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री ने सर्वप्रथम सीसीएल परिवार के सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सीसीएल के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। श्री गोयल ने सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर दृष्टिकोण अच्छा हो तो सफलता अवश्य मिलती है और सीसीएल इसका जीता–जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सीसीएल कर्मचारियों एवं अधिकारियों में अच्छा कार्य करने की इच्छा–शक्ति मैं देख सकता हूँ।

अवसर विशेष पर सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय मंत्री महोदय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही हम सभी को बेहतर पदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया है। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल में एक समय जीरो प्रतिशत बढ़ोतरी थी और आज उसी कंपनी ने अपने पिछले वित्तीय वर्ष में दो अंको की बढ़त हासिल की और इस वर्ष भी अभी तक कोयला उत्पादन में 14 प्रतिशत, ओवर बर्डेन निकासी में 16 प्रतिशत तथा कोयला प्रेषण में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। सीएमडी ने सीसीएल वृहद परिवार के सभी सदस्यों और समस्त झारखंडवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी।

इससे पूर्व माननीय मंत्री विद्युत, कोयला, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार श्री पीयूष गोयल ने दरभंगा हाउस मुख्य द्वार के समीप "फाउण्टेन प्वाइंट" का भी विधिवत शिलान्यास किया।

अवसर विशेष पर निदेशक(वित्त) श्री डी.के.घोष, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस.महापात्र, निदेशक (योजना व परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सतकर्ता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद एवं सभी क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक, यूनियन प्रतिनिधि सहित मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## "पुष्प वाटिका" का उद्‌घाटन



सीएमडी श्री गोपाल सिंह मुख्यालय में पुष्प वाटिका का उद्‌घाटन करते हुए

मुख्यालय परिसर में दिनांक 26 दिसम्बर को लगभग 20 हजार वर्ग फुट में फैली "पुष्प वाटिका" का उद्‌घाटन सीसीएल सीएमडी श्री गोपाल सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक(तकनीकी/संचालन) श्री पी.के.तिवारी, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्दा, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, सीसीएल संयुक्त सलाहकार संचालन समिति एवं कल्याण बोर्ड के सम्मानित सदस्यगण, मुख्य–महाप्रबंधक/महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

## 58वीं "वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह–2015"

खान सुरक्षा महानिदेशालय, रांची एवं कोडरमा क्षेत्र के तत्वाधान में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदनों में 58वीं "वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह–2015" का आयोजन दिनांक 15.12.2015 से शुरू हुआ है। यह आयोजन दिनांक 23.12.15 तक सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के विभिन्न खदनों में पूर्ण तन्मयता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसे आयोजित करने का मुख्य ध्येय कोयला क्षेत्र से जुड़े कार्यबल में सुरक्षा की चेतना एवं जागरूकता के स्तर को बढ़ाना एवं उनके तकनीकी ज्ञान एवं कौशल को निरंतर विकसित करना है।

## झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का उद्‌घाटन

19 दिसम्बर को सीसीएल के गांधीनगर रेक्रियशनल क्लब में शोतोकोन कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री पी.के. तिवारी द्वारा किया गया। यह "शोतकोन कप 2015" प्रतियोगिता दो दिनों तक चला जिसमें पूरे झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए 07 से 18 वर्ष के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विगत 05 दिसम्बर, 2015 को नया भूसुर लालखंटगा में स्थित आशा संस्था में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सीसीएल जन आरोग्य केंद्र के द्वारा किया गया। उपरोक्त शिविर में आशा संस्था में रहने वाले तीन विद्यालयों के 87 छात्र–छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की गई और दवाईयाँ उपलब्ध कराई गई साथ ही साथ 50 छात्र–छात्राओं को हेपाटइटिस "बी" का टीका भी दिया गया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र एवं श्री पी. भट्टाचार्य उपस्थित थे।

## "इंडिया इंटरनेशनल साइन्स फेस्टिवल 2015" में सीसीएल

विगत 04 दिसम्बर को आईआईटी, नई दिल्ली में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से पहली बार आयोजित किए जा रहे "इंडिया इंटरनेशनल साइन्स फेस्टिवल–2015" का शुभारंभ माननीय मंत्री (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय व विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय)



माननीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, नई दिल्ली में आयोजित आई आई एस एफ 2015 में सीसीएल के स्टॉल का निरीक्षण करते हुए

डॉ. हर्षवर्धन ने किया। इस पाँच दिवसीय साइन्स एक्सपो में सीसीएल ने हिस्सा लिया। माननीय डॉ. हर्षवर्धन ने सीसीएल के स्टॉल का निरीक्षण किया व सीसीएल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आये लोगों ने कम्पनी द्वारा दर्शाए गए कार्यकलापों की सराहना की।

## चैरिटेबल अस्पताल में पुनरूद्धार



सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह के० सी० रॉय मेमोरियल अस्पताल में लोकार्पण करते हुए

विगत 13 दिसम्बर को के.सी. राय मेमोरियल चैरिटेबल अस्पताल में मुख्य भवन का पुनरूद्धार किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने इस संस्था के कार्यशैली को सराहा और सीसीएल की टीम से भविष्य में और बेहतर से बेहतर कार्य करने की अपेक्षा की। इस कार्यक्रम में सीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री जे. तिवारी, श्री संदीप भगत, डॉ. नूतन सिंह, एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खीस्त जयंति मिलन समारोह

विगत 19 दिसम्बर को मुख्यालय के "विचार मंच" में खीस्त जयंति मिलन समारोह–2015 का आयोजन किया गया। सीसीएल के निदेशक (तक./संचा.) श्री पी.के. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में जबकि मुख्य सर्तकता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अवसर विशेष पर महाप्रबंधक (वित्त), विभागाध्यक्ष (प्रशासन), मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष (पेन्शन) सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सीसीएल कर्मी तथा उनके बच्चे भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि श्री पी.के. तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि श्री अरबिन्द प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा केक काट कर कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घाटन किया और इस अवसर पर क्रिसमस की अग्रिम बधाई दी।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)